## सुल्तानपुर में पकड़ी गई नकली गुटखा फैक्ट्री:किराए के मकान में चल रहा था धंधा, 15 हजार नकद समेत सामान जब्त, हिरासत में चार



सुल्तानपुर के दोस्तपुर में पुलिस ने मंगलवार को नकली गुटखा फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। थानाक्षेत्र दुल्हापुर खौदा में चल रही इस अवैध फैक्ट्री से एक पिकअप भर माल बरामद किया गया है। पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।

अम्बेडकर नगर के मालिपुर थाना क्षेत्र के डिघी धमुरहा निवासी धर्मेंद्र ने दुल्हापुर खौदा में रमेश गुप्ता का मकान तीन हजार रुपए मासिक किराए पर लिया था। धर्मेंद्र ने अपने भाई मिथुन, गांव के ही विशाल और बहराइच के पैगीपुर निवासी अंकित के साथ मिलकर यहां फैक्ट्री स्थापित की। आरोपी कमला पसंद, कारतूस तम्बाकू और बनारसी आशिक के नाम से नकली गुटखा बना रहे थे।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/sultanpur/news/fake-gutkha-factory-caught-in-sultanpur-135452946.html